Transport for NSW

# सड़क सुरक्षा

## अपने बच्चे का हाथ पकड़ें

हो सकता है कि आपके बच्चे का ध्यान आसानी से भटक जाए और ड्राइवर उसे देख न पाएं। बच्चों में अभी भी ऐसी कुशलताएं विकसित हो रही हैं जो उन्हें खतरों का पूर्वानुमान लगाने या पहचानने में मदद करती हैं और हो सकता है कि वे जल्दबाज़ी में कोई कदम उठा लें।

जब आपका बच्चा कहीं बाहर हो तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हमेशा किसी वयस्क की होनी चाहिए।

अपने बच्चे से फुटपाथ पर सुरक्षित रहने के व्यवहार के बारे में बात करें। उसे बताएँ कि खेलने के लिए यह सुरक्षित जगह नहीं है क्योंकि यह सड़क के पास है और वाहन ड्राइववे में प्रवेश कर रहे या बाहर निकल रहे हो सकते हैं।

जब तक आपका बच्चा कम से कम 8 वर्ष का न हो जाए, तब तक उसका हाथ पकड़ कर चलें:

- फुटपाथ पर
- कार पार्क में
- सड़क पार करते समय।

फिर, कम से कम 10 वर्ष की आयु होने तक, अपने बच्चे पर बहुत ध्यान से नजर रखें, तथा सड़क पार करते समय उसका हाथ पकड़ें।

यदि आप अपने बच्चे के साथ नहीं हो सकते हैं, तो यह व्यवस्था करें कि कोई अन्य विश्वसनीय वयस्क उनके साथ जाए।

स्कूल का दिन ख़त्म होने पर, आपका बच्चा उत्साहित, विचलित या थका हुआ हो सकता है और अक्सर अपने आस-पास क्या हो रहा है, इस पर ध्यान नहीं दे पाता है। स्कूल के गेट पर अपने बच्चे से मिलकर उसे सुरक्षित रखने में मदद करें। कभी भी उसे सड़क के उस पार न बुलाएँ।

**सड़क पर सुरक्षित रूप से यात्रा करने की आदतें बच्चे आपसे सीखते हैं और जब वे अकेले यात्रा करने लायक बड़े हो जाएंगे तो वे इन्हें जारी रखेंगे।**

सड़क पर बच्चों को सुरक्षित रखने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **safetytown.com.au** पर परिवार (families) सैक्शन देखें।




### किंडरगार्टन से लेकर दूसरी कक्षा तक के बच्चों के साथ साझा करने के लिए महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा संदेश

- किसी बड़े का हाथ तब पकड़ें जब:
  - आप सड़क पार करते हैं
  - आप फुटपाथ पर हैं
  - आप कार पार्क में हैं

### कक्षा 3 से 6 के बच्चों के साथ साझा करने के लिए मुख्य सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश

- सड़क पार करते समय किसी वयस्क का हाथ पकड़ें (कम से कम 10 वर्ष की आयु तक)
- सुरक्षित जगह से सड़क पार करें
- हर बार जब आप सड़क पार करें तो **रुकें! देखें! सुनें! सोचें!** और तब तक चेक करते रहें जब तक कि आप सुरक्षित रूप से सड़क पार न कर लें

स्टॉक कोड 45095233 जून 2024 © ट्रांसपोर्ट फॉर NSW

एनएसडब्ल्यू की सड़कों पर बहुत सी जानें गईं हैं।
**हमारा लक्ष्य इसे शून्य बनाना है।**

NSW GOVERNMENT

TOWARDS ZERO